प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सीमा सड़क संगठन–बीआरओ द्वारा निर्मित 7 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में श्योक सुरंग सहित 125 सामरिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएँ भारतीय सेना और बीआरओ के सर्वोच्च बलिदानों की स्मृति को समर्पित हैं जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

****

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

****

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन हेतु 6 जून 2025 को शुरू किया गया केंद्रीय पोर्टल 'उम्मीद' छह माह की अवधि पूरी होने पर कल अपलोड के लिए बंद कर दिया गया। अंतिम चरण में समीक्षा बैठकों, कार्यशालाओं और उच्च–स्तरीय हस्तक्षेपों के कारण अपलोड प्रक्रिया में तेजी आई, जिसके परिणामस्वरूप 5.17 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां पोर्टल पर दर्ज की गईं। मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वक्फ बोर्डों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी प्रदान करते हुए इस राष्ट्रीय कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

****

रामगढ़ जिले के भुरकुंडा कोयलांचल में सीसीएल द्वारा पहली बार बलकुदरा ओबी डंप पर 5 मेगावाट क्षमता वाले सोलर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है।

****

चतरा जिले की पुलिस ने वन विभाग के साथ मिलकर अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान शुरू किया है। पुलिस की चार टीम प्रत्येक दिन कुंदा, प्रतापपुर, लावालौंग, सदर और कान्हाचट्टी थाना क्षेत्र के जंगली इलाकों में ड्रोन से अफीम की खेती को चिन्हित कर रही है। पिछले दो दिनों में 12 एकड़ वन भूमि पर लगाए गए अफीम की खेती को नष्ट किया गया है।

****

सड़क पर घूमने वाले कुत्तों की सुरक्षा और उचित व्यवस्था की मांग को लेकर आज रांची के बापू वाटिका के पास शहर के पशु प्रेमियों ने कुत्तों के साथ मौन प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बेजुबान पशुओं को भी सुरक्षित जीवन का पूरा अधिकार है और सरकार को उनके रखरखाव के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

****

राज्य के कई जिलों में शीतलहर का प्रकोप जारी है और गुमला में राज्य का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रामगढ़, बोकारो और खूंटी सहित 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार तापमान में गिरावट उत्तर–पश्चिमी हवा के निचले क्षोभमंडलीय स्तर पर सक्रिय रहने से हो रही है। अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की और कमी के बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है।

*********समाप्त**********